अमित कुमार
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
**Amit Kumar**
Chairman & Managing Director

एआई एसेट्स होल्डिंग लिमिटेड
AI ASSETS HOLDING LIMITED

# अध्यक्ष का संदेश
## सतर्कता जागरूकता सप्ताह – 2025

इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन **27th** अक्टूबर**, 2025** से **2nd** नवम्बर**, 2025** तक, सत्यनिष्ठा के प्रतीक **लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल** की जयंती के उपलक्ष्य में निम्नलिखित विषय पर किया जा रहा है:

**"सतर्कता: हमारी साझा ज़िम्मेदारी"**

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 हमें अवसर प्रदान करता है कि हम अपने व्यावसायिक एवं व्यक्तिगत जीवन में ईमानदारी, पारदर्शिता और नैतिक आचरण के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ करें। तथापि हमें इस प्रतिबद्धता को अपने समस्त सार्वजनिक जीवन में आचरण में भी उतारना चाहिए। सतर्कता कॉरपोरेट गवर्नेंस का एक अत्यंत महत्वपूर्ण आयाम है। अतः हम सभी के लिए आवश्यक है कि हम केवल वित्तीय नहीं, बल्कि तकनीकी सत्यनिष्ठा को भी बनाए रखें।

विमानन क्षेत्र में, एक छोटी-सी चूक भी विनाशकारी सिद्ध हो सकती है। अतः सतर्कता की संस्कृति को बढ़ावा देना केवल भ्रष्टाचार या कदाचार की रोकथाम भर नहीं है—यह जीवन की सुरक्षा, संचालन में उत्कृष्टता सुनिश्चित करने तथा हमारे सभी कार्यों में सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के बारे में है। सभी कंपनियों के सभी कर्मचारियों को मेरा परामर्श है कि वे मानक संचालन प्रक्रियाओं (एस.ओ.पी) के क्रियान्वयन पर निरंतर निगरानी रखें तथा वैधानिक दिशानिर्देशों के अनुपालन की दृष्टि से समय-समय पर उनकी समीक्षा भी करें। कर्मचारियों के लिए महत्वपूर्ण है कि वे सुरक्षा परीक्षण, क्रय प्रक्रिया तथा विक्रेता प्रबंधन से संबंधित एस.ओ.पी का कठोरता से पालन करें, ताकि जोखिमों को न्यूनतम किया जा सके, कदाचार को रोका जा सके और पारदर्शिता को सुदृढ़ किया जा सके।

मैं मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) एवं उनकी टीम के उन प्रयासों की सराहना करता हूँ, जिन्होंने नैतिक आचरण को बढ़ावा देने, अनियमितताओं की रिपोर्टिंग को प्रोत्साहित करने तथा ऐसा वातावरण विकसित करने में योगदान दिया है जहाँ प्रत्येक कर्मचारी स्वयं को जिम्मेदार और सत्यनिष्ठा के साथ कार्य करने में सक्षम महसूस करता है। हम सभी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि "सतर्कता: हमारी साझा ज़िम्मेदारी" को साकार बनाएं।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के माध्यम से अपनी प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ करते हुए, आइये हम एक पारदर्शी, समान अवसर आधारित और मानवतावादी कार्यसंस्कृति को बनाए रखने का संकल्प लें। हमें अपनी कार्य प्रथाओं में प्रौद्योगिकी को अधिकतम उपयोग में लाना होगा, ताकि विवेकाधीन शक्तियों को न्यूनतम किया जा सके और हम कॉरपोरेट गवर्नेंस के सर्वोच्च मानकों की दिशा में अग्रसर हों।

मैं सभी से आग्रह करता हूँ कि वे सतर्कता अनुभाग द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लें। मैं सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 की सफलता और इसके उद्देश्यों की पूर्ति के लिए अपनी शुभकामनाएँ देता हूँ।

अमित कुमार

अध्यक्ष & प्रबंधनिदेशक -एआईएएचएल
और अध्यक्ष एआईएएचएल ग्रुप ऑफ कंपनीज